हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–250 : जौनपुर, शनिवार 10 जून 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने गन्ना किसानों को किया सम्मानित : पहले होते थे आंदोलन : अब पहुंच रही मिठास

ब्यूरो लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनियाभर में यूपी अपनी मिठास पहुंचता है। छह साल पहले पर्ची चोरी, घटतौली और आंदोलन का दौर था। किसान अपनी फसल को आग लगाने को मजबूर था। पीएम मोदी ने किसानों के लिए कई रिफार्म लागू किए। इससे बड़ा बदलाव आया। आज यूपी गन्ना एवं चीनी उत्पादन, खांडसारी और इथनॉल उत्पादन में पहले स्थान पर है। अब जरूरत प्राकृतिक खेती की है। पंजाब में बढ़ते कैंसर की बड़ी वजह कीटनाशकों का प्रयोग है। प्राकृतिक खेती से धरती माता के साथ आपकी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में प्रदेश के उन्नतिशील गन्ना किसानों के सम्मान समारोह और नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। योगी ने कहा कि हमने किसानों के साथ चीनी मिल मालिकों की समस्याओं का निराकरण किया। आज 2640 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन करने वाले किसान कार्यक्रम में मौजूद है, छह साल पहले अधिकारी इसे असंभव कार्य बताते थे। 3171 महिला समूहों में 59 हजार से अधिक महिलाएं काम करके प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सहयोग कर रही हैं। गन्ना विभाग ने हर साल कुछ नया करके दिखाया है। करीब 2,13,400 करोड़ की धनराशि डीवीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में भेजी गई। करीब सौ चीनी मिलें सात से दस दिन में भुगतान कर रही हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह छपरौली में चीनी मिल शुरू करना चाहते थे। कई सरकारें आई–गईं, हमारी सरकार ने मिल लगाई। इसी तरह बस्ती में गोली चलती थी, आज नई मिल चल रही है। अब मिलें बंद और बेची नहीं जा रही हैं। 20 जिलों की रिपोर्ट खराब चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि कोरोना की वजह से पुरस्कार नहीं दिए गए थे, जिनको आज मिल रहे है। छह साल से योगी के नेतृत्व में गन्ना उत्पादन में पूरे देश में प्रथम स्थान है। कोरोना में भी मिलें चलती रहीं। स्वयं सहायता समूह मेहनत कर रहा। रोजगार के साधन खुद तलाश रहे है। कीटनाशक का इस्तेमाल न करें। 20 जिलों की खेती योग्य भूमि बेकार होने की रिपोर्ट है, इसलिए प्राकृ



तिक खेती करें। भुगतान को जल्द हर हफ्ते कराने की योजना है। प्रशस्ति–पत्र देकर किया सम्मानित मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 सहकारी गन्ना तथा चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही, राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकरसम्मानित किया। इस अवसर पर गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। ऐसा ही अधिकारी चाहिए योगी ने अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कोरोना काल में चीनी मिलें चलाने में अहम भूमिका निभाई। पहले लोगों ने कहा था कि ये किसी की सुनते नहीं हैं, गन्ना विभाग नहीं चला पाएंगे। मैंने कहा कि ऐसा ही अधिकारी चाहिए। जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं लेकिन इनकी सेवाएं अविस्मरणीय रहेंगी।

## आयुष्मान योजनाः 100 से अधिक अस्पतालों के फंसे करोड़ों रुपये : इलाज के बाद डॉक्टर रुपये हेतु हो रहे परेशान

गोरखपुर ब्यूरो : जिले में 166 निजी और सरकारी अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़े हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों का निशुल्क इलाज होता है। हर दिन इन अस्पतालों में करीब 250 से 270 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना – आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का निशुल्क इलाज करने वाले 100 से अधिक अस्पतालों के 10 करोड़ रुपये फंसे हैं। यह रुपये इलाज के बाद अस्पतालों के फंसे हुए हैं। इसे लेकर अस्पताल संचालक जब विभाग से कारण जानना चाह रहे हैं, तो उन्हें यह बताया जा रहा है कि कागजात के चक्कर में यह रुपये फंसे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, जिले में 166 निजी और सरकारी अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़े हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों का निशुल्क इलाज होता है। हर दिन इन अस्पतालों में करीब 250 से 270 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें जनरल सर्जरी से लेकर बड़ी सर्जरी तक के मरीज शामिल हैं। सर्जरी की बात करें तो करीब 200 के आसपास सर्जरी भी हो रही है। अलग–अलग सर्जरी के अलग–अलग रेट भी आयुष्मान योजना में तय है। अस्पताल संचालक इन मरीजों का ऑपरेशन तो कर दे रहे हैं, लेकिन सर्जरी के नाम पर रुपये लेने में अस्पताल संचालकों के पसीने छूट जा रहे हैं। नाम न छपने की शर्त पर एक संचालक ने बताया कि ऑपरेशन के बाद रुपये लेना थोड़ा कठिन है। एक भी कागजात अगर वेरीफाई के दौरान छूट जा रहे हैं, तो फिर से नए सिरे से कागजात जमा करने के प्रोसेस शुरू हो जाते हैं। जबकि, नियम के तहत 21 दिन बाद भुगतान हो जाना चाहिए। लेकिन, 50 फीसदी मामलों में ऐसा नहीं है। एक–एक केस में तीन से चार माह बाद भुगतान हो रहा है। यही वजह है कि 100 से अस्पतालों के करीब 10 करोड़ रुपये फंसे हैं। ळक। ने दी सूचना क्लेम करने 21 दिन बाद है भुगतान का नियम आयुष्मान योजना के तहत अगर किसी मरीज का निजी अस्पतालों में इलाज होता है, तो




वह 21 दिन के अंदर क्लेम कर सकता है। क्लेम करने के बाद 21 दिन बाद ही उसका भुगतान करने का नियम है। अगर 21 दिनों के अंदर कोई क्लेम नहीं करता है तो उसे भुगतान नहीं किया जाएगा। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ शत प्रतिशत मरीजों को दिया जा रहा है। योजना के तहत पूरे प्रदेश में कार्ड बनाने में हम दूसरे स्थान पर हैं। योजना के तहत 177 करोड़ रुपये मरीजों के इलाज में अब तक खर्च किया जा चुका है। अस्पताल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि मरीज का इलाज करते समय एक–एक कागजात सही से अपलोड करें, जिससे की कोई दिक्कत न हो। डाक्यूमेंट के चक्कर में लोगों के रुपये नहीं मिल रहे होंगे।

## पुलिस मुख्यालय के पास कार बनी आग का गोला : चालक समेत तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान

लखनऊ ब्यूरो : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पुलिस मुख्यालय के पास शुक्रवार रात कार में अचानक आग लग गई। कार चालक समेत तीन लोगों ने कार से कूदकर जान बचाई। सूचना पाकर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया पर तब तक पूरी कार जल चुकी थी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अतुल श्रीवास्तव के मुताबिक गोमतीनगर विस्तार स्थित सरस्वती अपार्टमेंट निवासी रविंद्र कुमार सिंह शुक्रवार रात को अपने दोस्त मुरारी चोपड़ा के साथ इस्कॉन मंदिर गए थे। कार उनका चालक अनिल पाल चला रहा था। अहिमामऊ के रास्ते वह घर वापस आ रहे थे तभी पुलिस मुख्यालय के पास सर्विस रोड पर उनकी कार अचानक बंद हो गई। चालक कुछ समझ पाता कि बोनट में आग की लपटे निकलने लगी। चालक समेत कार सवार लोगों ने कार से बाहर आ गए। देखते ही देखते आग की लपटों में कार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## पुलिस के लिए सिरदर्द बनी अतीक के परिवार की पांच महिलाएं : उमेश पाल हत्याकांड के बाद से हैं वांटेड

प्रयागराज ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहीं माफिया अतीक अहमद के परिवार की पांच महिलाएं पुलिस के लिए चुनौती बन गई हैं। इनको गिरफ्तार करने की बात तो दूर पुलिस को इनकी भनक तक नहीं लग पा रही है। तीन महीने से अधिक समय से पुलिस की टीमें खाक छान रही हैं, लेकिन इनका पता नहीं चल सका है। अतीक के परिवार की पांच महिलाएं पुलिस के लिए सिरदर्द हो गई हैं। उमेश पाल हत्याकांड हुए तीन महीने से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन पुलिस 50 हजार की इनामी शाइस्ता समेत किसी महिला को नहीं पकड़ पाई है। शाइस्ता के अलावा अतीक की बहन आयशा नूरी, भांजी मंतशा और उंजिला के साथ ही अशरफ की पत्नी जैनब को वांटेड किया गया है। पुलिस ने शाइस्ता को मुख्य साजिशकर्ता के साथ ही अतीक के गिरोह का संचालक भी बताया था। पुलिस का यह भी आरोप था तलाश में ही पुलिस के अब तक कई लाख रुपये खर्च हो चुके हैं।प्रयागराज से लेकर कौशाम्बी तक शाइस्ता की तलाश पुलिस ने सैकड़ों गांव में दबिश दी। अशरफ की पत्नी जैनब को काफी बाद में पुलिस ने नामजद किया। उस पर शूटरों की आर्थिक मदद और छिपाने का आरोप लगाया गया है। जैनब काफी मुखर थी। उसने कई बार प्रेस कांफ्रेंस भी की थी। उसने तमाम अफसरों पर आरोप लगाए थे कि वे अशरफ को फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। जैनब पर कोई इनाम तो नहीं है लेकिन पुलिस अब तक उसे नहीं पकड़ पाई है।जैनब की ही तरह अतीक की बहन आयशा नूरी भी अतीक के पक्ष में लगातार बोल रही थी। अतीक को जब पहली बार साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा था तो वकील के साथ जैनब और आयशा नूरी काफिले के साथ–साथ चल रहीं थीं। आयशा ने भी जैनब के साथ मिलकर प्रेस कांफ्रेंस की थी। इतना नहीं वह लगातार अतीक के वकीलों से भी मिलकर केस की पैरवी में जुटी थी। आयशा उस वक्त संदेह के घेरे में आ गई, जब पांच लाख का इनामी गुड्डू मुस्लिम हत्या के बाद एक वायरल वीडियो में उसके मेरठ स्थित घर में दिखा। आयशा



और उसके पति अखलाक ने न सिर्फ गुड्डू की मदद की थी बल्कि असद को भी आर्थिक मदद भेजी थी। इस तथ्य के सामने आने के बाद पुलिस ने आयशा के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में शूटरों की मदद के आरोप में आयशा और उसकी दोनों बेटियों मंतशा और उंजिला को भी शूटरों को मदद पहुंचाने के आरोप वांटेड किया गया।शाइस्ता, जैनब, आयशा नूरी, मंतशा और उंजिला महीनों से फरार हैं। पुलिस अधि ाकारी उन्हें पकड़ने का दावा करते हैं, लेकिन सच्चाई यही है कि सर्विलांस सिस्टम और अत्याधुनिक तकनीक से लैस पुलिस उन्हें पकड़ने में नाकाम है।साबिर और गुड्डू मुस्लिम की तलाश में एसटीएफ फिर सक्रियपांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम और साबिर की तलाश में एसटीएफ फिर सक्रिय हो गई है। उनकी खोज के लिए तमाम रिश्तेदारों और करीबियों को नंबर सर्विलांस पर लगाए गए हैं। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक असद, गुलाम, अरबाज और विजय चौधरी उर्फ उस्मान एनकाउंटर की जांच के कारण पुलिस थोड़ी ढीली हुई थी। अब फिर से गुड्डू मुस्लिम और साबिर की तलाश तेज कर दी गई है। हत्याकांड में शामिल एक अन्य शूटर अरमान का भी अब तक कुछ पता नहीं चला है। उसकी तलाश में जल्द ही पुलिस की टीमों को बिहार भेजा जाएगा।

## कुरियर से सोना तस्करी का भंडाफोड़ : वाराणसी में 4.8 किलो सोने के साथ 11 लाख रुपये कैश बरामद : चार गिरफ्तार

डीआरआई की टीम ने पीडीडीयू जंक्शन और लखनऊ से चार लोगों को गिरफ्तार करके कूरियर कंपनी के माध्यम से सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने चंदौली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (पीडीडीयू) जंक्शन और लखनऊ से चार लोगों को गिरफ्तार करके कुरियर कंपनी के माध्यम से सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों के पास से 3.24 करोड़ रुपये मूल्य का 4.8 किलो ग्राम सोना के साथ ही 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। चारों तस्करों से पूछताछ की गई, फिर उन्हें शुक्रवार को वाराणसी की अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। डीआरआई की वाराणसी यूनिट को सूचना मिली थी कि कोलकाता से एक तस्कर पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से सोना लेकर पीडीडीयू नगर जंक्शन आ रहा है। इस पर टीम ने घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास से 70 लाख रुपये मूल्य का 1200 ग्राम सोना बरामद हुआ। तस्कर की पहचान बस्ती के विनय तिवारी के तौर पर हुई। विनय से पूछताछ शुरू हुई तो उसने बताया कि वह लखनऊ स्थित ब्राइट कूरियर कंपनी में काम करता है। कूरियर कंपनी से जुड़े तीन अन्य लोग भी सोने की तस्करी से जुड़े हैं। विनय से मिली जानकारी के आधार पर ही लखनऊ स्थित कूरियर कंपनी के कार्यालय



पर छापा मारा गया। तलाशी में दो करोड़ 54 लाख रुपये मूल्य के जेवर सहित 3.6 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। साथ ही 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। कूरियर कंपनी से गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान अयोध्या के अतुल गौड़, बस्ती के शिवनाथ और राजस्थान के राजेश कुमार के तौर पर हुई है। चारों तस्करों से पूछताछ में उनके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में डीआरआई को अहम जानकारियां हाथ लगी है। पिछले साल 33.40 करोड़ रुपये मूल्य का 65.46 किलोग्राम सोना जब्त किया गया था। अब डीआरआई की नजर कूरियर और लॉजिस्टिक्स कंपनियों पर विशेष रूप से रहती है।

## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होंगे विविध आयोजन

लखनऊ।( ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय)गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के संयोजन में प्रबंध समिति,वार्ड६ खंडध्महिला प्रभारियों, सभी खंडों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोमतीनगरजनकल्याणमहासमिति से संबद्ध सभी उपखंडों,वार्डों ६ खंडों के प्रभारी सभी समितियों के अध्यक्ष ,सचिव, कोषाध्यक्ष इस वर्ष भी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने–अपने उपखंडों में सामूहिक रूप से योगा कर उसकी फोटो व्हाट्सएप नंबर 8181814204 पर महा समिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला के व्हाट्सएप पर भेजेंगे इस ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस '' के लिए अभी से प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है।डॉ राघवेंद्र शुक्ल महासचिव ने उक्त जानकारी दी।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## सम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल हुए 46000 परीक्षार्थी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर परीक्षा में शुक्रवार को दोनों पारियों में करीब 46000 ने परीक्षा दी। प्रथम पाली में जहां 36251 अभ्यर्थी शामिल हुए वही दूसरी पाली में 9965 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि प्रथम पारी में 123 व द्वितीय पारी में 73 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। साथ ही सुबह की पाली में 19 अभ्यर्थी नकल करते हुए पकड़े गए। कुलपति प्रोफेसर जे पी पांडे ने सुचिता पूर्ण परीक्षा का निर्देश दिया। वही सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।

## बीटेक का परीक्षा परिणाम घोषित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधि ाक विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 की विषम सेमेस्टर परीक्षा के बी टेक तृतीय वर्ष के पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## पत्रकार का बेटा बना लेफ्टिनेंटः अब पीयूष पाण्डेय करेंगे देश की सेवा

लखनऊ(ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय)आवास विकास परिषद की गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा निवासी प्रज्ञा पाण्डेय एवं रामू लाल पाण्डेय का बेटा पीयूष पाण्डेय आर्मी में लेफ्टिनेंट बना जो अब देश सेवा करेगा। इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून में शनिवार को पासिंग आउट परेड थल सेना अध्यक्ष मनोज पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई जिसमें लखनऊ के पीयूष पाण्डेय लेफ्टिनेंट बने। गौरतलब है कि पीयूष



पाण्डेय की स्कूलिंग जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसंड लखनऊ से हुई। नेशनल डिफेंस एकेडमी पुणे से ग्रेजुएशन एवं तीन वर्ष की ट्रेनिंग पूरी की। तत्पश्चात एक वर्ष आईएमए देहरादून में ट्रेनिंग पूरी की। चार वर्ष की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद शनिवार को लेफ्टिनेंट बनकर परिवार को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि मां प्रज्ञा पाण्डेय एवं पिता आर एल पाण्डेय दे.देश की उपासना के लखनऊ ब्यूरो चीफ हैं। इनका छोटा भाई प्रत्यूष पाण्डेय लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी कर रहा है।

## उत्तम साहित्य सृजन हेतु रेलकर्मी सम्मानित



लखनऊ ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय : रेलवे बोर्ड द्वारा ''मैथिलीशरण गुप्त'' पुरस्कार प्रदान किया गया राजभाषा की उत्कृष्ट सेवाओं तथा उच्च कोटि के साहित्य सृजन हेतु भारतीय रेल द्वारा अपने ऐसे विलक्षण एवं गुणवान रेलकर्मियों को प्रेरित करने हेतु अनेक प्रकार के पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करने का प्रावध ाान किया गया है एवं मंडल,मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर अनेक रेलकर्मियों को समय समय पर इस व्यवस्था के तहत सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे,लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले वाराणसी जं. (कैंट) स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक,राकेश कुमार रोशन को उनके द्वारा लिखित पुस्तक ''कोलाहल में बुद्ध'' हेतु रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली स्तर पर प्रदान किए जाने वाले 'मैथिलीशरण गुप्त'पुरस्कार योजना के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान किया जाता है।

facebook YouTube twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में कुछ भी पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## डिजिटल माध्यमों पर हिंदी की पकड़ के विश्वास ने बचा रखी है लाज

भले ही हिंदी अखबारों की खबरों पर पकड़ और पाठक तक पहुंच में कमीबेशी आई हो, लेकिन डिजिटल माध्यमों से हिंदी पत्रकारिता अपना काम बखूबी निभा रही है। 2016 के बाद इंटरनेट की आसान उपलब्धता ने इसे और सुगम बनाया। यह लेख 2020 में लिखा गया था, लेकिन यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिंदी पत्रकारिता की अलग जलाए रखने का काम अब डिजिटल माध्यमों से अधिक हो रहा हैआज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिंदी पत्रकारिता की अलग जलाए रखने का काम अब डिजिटल माध्यमों से अधिक हो रहा है आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस है। एक तरफ बड़े बड़े हिंदी अखबारों, चौनलों में भारी छंटाई की खबरें हैं, दूसरी तरफ ग्लोबल मीडिया के बड़े खिलाड़ियों की आंखों में डिजिटल माध्यमों पर हिंदी की भारी पकड़ का विश्वास। यानी एक तरफ घर की मुर्गी दाल बराबर है, तो दूसरी तरफ उसकी बांग को नई सुबह की आगाज माना जा रहा है। समझ नहीं आता कि समझदार लोग इस पर सर धुनें की सर ऊंचा करें? जो हो, एक बात तीन महीने की तालाबंदी ने साफ उजागर कर दी है वह यह, कि कोविड के बुखार के बाद भी मुख्यधारा के भाषाई, खासकर हिंदी मीडिया का आगामी लोकप्रिय रूप, डिजिटल जगत में ही तैयार होना और बंटना है। कागज पर छपने वाले अखबारों के कारखानों में नहीं जिनको जिलाये रखने वाले विज्ञापन अब डिजिटल और टी वी के मनोरंजन चौनलों की तरफ मुड़ चले हैं। आगे से इंटरनेट अल्गोरिद्म की मदद से खबरों के बुनने और उनके फटाफट वितरण का दोहरा रास्ता होगा, न कि छोटे बड़े शहरों के डीलर वेंडर! वजह यह, कि कल तक अमीरों या किशोर नर्ड्स तक सीमित नेट तक पहले सरकार द्वारा वितरित लैपटॉप ने फिर 2016 के बाद सस्ती कनेक्टिविटी से जुड़े स्मार्ट फोन ने तालाबंदी काल में गांव से छोटे शहर तक की सहज पहुंच तय करा दी है। पांच से दस रुपये तक की कीमत वाले दैनिक की अपेक्षा यह माध यम खबरें पाने का सस्ता टिकाऊ और लगभग फ्री माध्यम है। जीडीपी चाहे रसातल को जा रहा हो, पर आज भारत का हर दूसरा भारतीय स्मार्ट फोन रखता है और कुल मोबाइल फोन रखने वाले तो 90 फीसदी से ऊपर हैं। जिनको नेट और ब्रॉडबैंड मयस्सर नहीं, उनके जीवन में भी फेसबुक, गूगल तथा ट्विटर सरीके भाषाई बहुलता से भरे सोशल मीडिया एप्स ने एक नई क्रांति ला दी है। बंद तालों की परवाह किये बिना यह नये डिजिटल बीजाक्षर सीधे घरों, झोपड़ियों, महलों और स्लम बस्तियों तक खबरों को जनता की अपनी भाषा में पहुंचा रहे हैं। एक पेंच है, आज का नया हिंदी पाठक युवा, महत्वाकांक्षी, तकनीकी तौर से दक्ष लेकिन खबरों के नाम पर बहुत छोटी खबरों और मनोरंजन तथा आत्मप्रचार की मिली जुली चाट का आदी बन गया है। जानीमानी संस्था बार्क(ठ ।त्ब्) शोध के अनुसार आज भारत का नया खबरी पाठक मिश्रित (दर्शक,श्रोता) है । वह औसतन चार घंटे नेट यूज करता है जिसका 18 फीसदी चौटिंग,15 फीसदी सोशल नेटवर्किंग, 15 फीसदी विडियो स्ट्रीमिंग और 11फीसदी गेमिंग की शरण को जाता है । कहना न होगा इन नये मीडिया उपभोक्ताओं का सबसे बड़ा हिस्सा हिंदी पट्टीवालों का है। लेकिन पिछले तीन दशकों से अमीरों खासकर अंग्रेजी मीडिया और सरकार का भोंपू पिछलग्गू बनता गया हिंदी मीडिया, आज भी ताजा परोसने की बजाय मुफ्त की पंगत में पत्तल पर बासी खाना खाना बुरा नहीं मानता। यह दुखद है। ग्लोबल कंपनियां उसको पुचकार रही हैं सो उसकी खबरों के लिये कम उसकी गांव से छोटे शहरों तक गाहकों तक पहुंचने की सहज क्षमता की वजह से अधिक। लॉकडाउन के बाद भी जन जन तक पहुंच और स्कूली शिक्षा के नये माध्यम की तरह उभरे हिंदी मीडिया का बाजार भविष्य उजला है। लेकिन जहां तक खबरों के संकलन, पेशेवर ईमानदार संपादन और टीम की अगुवाई का सवाल है उसकी आत्मनिर्भरता संदिग्ध बनी हुई है। पहली वजह हिंदी में लगातार सत्तासीन राजनीतिज्ञों की बढ़ती जकड़ बंदी है जिनको हिंदी पट्टी के 11 राज्यों के हर चुनाव में प्रचार के लिये इसका इस्तेमाल करना है। इसने हिंदी के लगभग हर मीडिया मंच पर उसके मालिकान को विज्ञापनी और सरकारी मदद से उपकृत करने के बाद वहां 'अपने' लोगों को स्थापित किया है। अच्छे ईमानदार लोगों से काम तो लिया जाता है, पर शीर्ष पदों से उनको लगातार पीछे हटा कर भाडे के टट्टुओं को आगे धुकाया जा रहा है जो पत्रकारिता की गुणवत्ता के लिये घातक साबित हुआ है और होगा। सवाल है कि सभी बड़े डिजिटल मीडिया मंच और खबरों के संग्राहक (गूगल या फेसबुक) मालिकाना दृष्टि से विदेशी हैं। इसलिये भारतीय स्वायत्त खबरिया पोर्टलों की बजाय लगभग तीन चौथाई विज्ञापन वे सोख लेते हैं। बाकी बचे बासी भात में टीवी का भी साझा होगा। इससे फिलहाल हिंदी मीडिया अपनी भारी ग्राहक संख्या के बाद भी बड़े पैमाने पर विदेशी मिल्कियत वाले प्लेटफॉर्म्स में चल रहे अन्नकूट का याचक किरायेदार बना रहेगा ऐसा लगता है। जियो ने एक विशाल नया प्लेटफॉर्म बनाया है जिसमें तुरत बड़ी फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट सरीखी तथा निवेशक विदेशी कंपनियों ने शेयर खरीदने चालू कर दिये हैं। हम हिंदीवाले हैं, कि उसपर ध्यान देने और अपनी शक्ति का अहसास गहरा करते हुए उसमें अपना जायज हिस्सा लेने की बजाय बेपनाह छंटनियों, संस्करणों के लिये सस्ते में स्ट्रिंगर नियुक्तियों, राजनीतिक बदला चुकाई या कॉर्पोरेट हिरस के घरेलू झगडों में फंसे हैं। जो समय बचता है उसमें राजनेताओं के लिखे सरकार की अपनी पीठ थपथपाई के बन्ने सोहर छाप देते हैं कि कृपा की बल्ली लगी रहे। ऐसा कैसे चलेगा ? राधिकारमण प्रसाद सिंह जी के द्वारा लिखा गया यह वाक्य एकदम सही है। आज के समय में स्थिति कुछ ऐसी ही हो रखी है। आज भारत के लोग दुनियाभर की भाषाओं को सीखने में लगे हैं। फ्रेंच और स्पेनिश भाषा सीखना उनको सम्मान की बात लगती है। आजकल के समय में लोग अपने बच्चों को भी विदेशी भाषाओं को सिखाने में लगे हैं। वह यही चाहते हैं कि उनका बच्चा इन सभी भाषाओं में पारंगत हो। जब भी उनका बच्चा हिंदी बोलता है तो उनको शर्म महसूस होने लगती है। सभी माँ—बाप यही चाहते हैं कि उनके बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी बोले। जब उनका बच्चा धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलता है तो उनको बहुत अच्छा महसूस होता है। वह इसे गर्व की बात समझते हैं। लेकिन क्या आपको यह लगता है कि हम ऐसा करके सही दिशा में जा रहे हैं। नहीं बिल्कुल भी नहीं। ऐसा करके हम अपने आप को गर्त में ही धकेल रहे हैं। ऐसा होना बिल्कुल गलत है। क्योंकि ऐसा करके हम अपनी ही संस्कृति को नष्ट कर रहे हैं। आज के समय में लोग अलग अलग प्रकार की भाषाएं सीखने में लगे हुए हैं। कोई जर्मन सीख रहा है तो कोई फ्रेंच और स्पेनिश भाषा सीखने में व्यस्त है। सारी भाषाओं का अपना अलग महत्व होता है। सभी की अपनी खूबियां है। लेकिन जो बात हमारी भाषा हिंदी में है वह किसी और में नहीं है। हिंदी बड़ी ही प्यारी और मीठी भाषा है। पूरी दुनिया में इस भाषा के कई जने दीवाने हैं। हम जब हिंदी भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसा लगता है कि मानो मुँह में जैसे मिश्री घुल गई है। यह भाषा हमारी ध ाड़कनों में बसी है। जब भी हमें अपने विचारों को व्यक्त करना होता है तो हम उसे बोलकर व्यक्त करते हैं। बिना बोले या लिखे हम अपनी भावनाओं को दूसरों के सामने जाहिर नहीं कर पाते हैं। हम इंसान हमेशा से ही कोई ना कोई माध्यम से अपने विचारों को दूसरों के सामने व्यक्त करते आए हैं। हम काफी समय से अपने भावों को जाहिर करते आए हैं। जैसे आदिमानव की अपनी अलग भाषा हुआ करती होगी। हम यह नहीं कह सकते कि उस समय कौन सी भाषा का प्रयोग होता होगा। लेकिन अगर हम अपनी भाषा के इतिहास के बारे में देखें तो हमें यह ज्ञात होता है कि हमारी सबसे पुरानी भाषा संस्कृत रही है। प्राचीनकाल में हमने संस्कृत भाषा को देवभाषा का दर्जा दे रखा था। उस समय सभी लोग संस्कृत ही बोलते और लिखते थे। राजा और प्रजा इसी भाषा का प्रयोग करती थी। बड़े बड़े ग्रंथ भी इसी भाषा में लिखे गए। जाता है। हिंदी भाषा की उत्पत्ति अपभ्रंश से मानी जाती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## छात्रा और महिला से दुष्कर्म:एक गिरफ्तार



गोरखपुर : मण्डल प्रभारी आशुतोष चैधरी अलग अलग थानाक्षेत्रों में एक नाबालिग छात्रा और एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में अश्लील वीडियो बनाकर आरोपियों ने ब्लैकमेल कर दरिंदगी की। पहली घटना गुलरिहा इलाके की है। जहां एक 17 साल की छात्रा के दोस्त ने पहले धोखे से उसकी फोटो खींच ली। फिर उसे एडिट करके अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दरिंदगी की। रेप के दौरान भी आरोपी ने छात्रा का अश्लील वीडियो बनाया। छात्रा का आरोप है कि अब शोहदा रोजाना फोन पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। मां के साथ थाने पहुंचकर छात्रा ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। छात्रा की मां की तहरीर के आध ार पर पुलिस ने शाहपुर के बशारतपुर निवासी धीरज के खिलाफ रेप, पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर गुलरिहा संजय सिंह का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्कूल जाते समय हुई थी दोस्ती दरअसल, गुलरिहा इलाके के एक गांव में रहने वाली छात्रा का स्कूल आते—जाते समय धीरज से जान पहचान हो गई। धीरज ने उसे एक दिन मिलने को बुलाया और चोरी से उसका फोटो खींच लिया। उसी फोटो को एडिट कर उसने अश्लील बना लिया और फिर उसे सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर एक दिन कमरे में बुलाया और दुष्कर्म किया। कर रहा था ब्लैकमेल इस दौरान भी उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद किशोरी ने शर्म की वजह से किसी को जानकारी नहीं दी। लेकिन, आरोपी फिर उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। फोन कर उसे परेशान करने लगा।दो दिन पहले मां को बताई आपबीती शोहदे की हरकतों से तंग आकर छात्रा ने दो दिन पहले अपनी मां को आपबीती बताई। मां, बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची और तहरीर दी। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया, तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। रेप कर बनाया वीडियो, फिर मांगने लगा रंगदारी वहीं, दूसरी घटना शाहपुर इलाके की है। यहां, बदमाश ने महिला को पादरी बाजार स्थित कमरे में ले जाकर उसके साथ रेप किया। आरोप है कि उसने इस दौरान वीडियो भी बना लिया और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी भी मांगी। 26 मई को आरोपी ने जबरन दुष्कर्म कर गर्भ निरोधक गोली खिला दी। मना करने पर तमंचा सटाकर धमकी दी कि इतनी गोली मारूंगा कि कोई पहचान भी नहीं पाएगा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजन और उसके दोस्त पवन तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म, रंगदारी मांगने, हत्या की कोशिश और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर राजन को गिरफ्तार कर लिया। कचहरी में हो गई महिला की दोस्ती पुलिस के अनुसार आरोपी सरदेंदु मिश्रा उर्फ राजन मिश्रा महराजगंज जनपद के भिटौली बाजार थाना क्षेत्र के राज मंदिर का रहने वाला है। फिलहाल वो यहां मोहनापुर के नाई टोला में किराये के कमरे में रहता है। महिला ने तहरीर में लिखा है कि पति से उनका पारिवारिक विवाद कई वर्षों से है, जिसका मुकदमा गोरखपुर कचहरी में चलता है। मुदकमे की पैरवी में करने लगा मदद पारिवारिक मुकदमे की पैरवी करने कचहरी में जाने के दौरान ही मुलाकात राजन मिश्रा से हो गई। राजन न्यायालय के कार्यों में मदद करने का विश्वास दिलाकर मुझसे बात करने लगा। बातों बातों में फंसाकर मजबूरी का फायदा उठाकर उसने कई बार दुष्कर्म किया।

## गार्ड और चौकीदार के नाम से बोगस फर्म बना की 100 करोड़ की कर चोरी

साहिबाबाद। नोएडा में 15 हजार करोड़ की कर चोरी के मामले में जांच दो कदम आगे बढ़ते ही एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गाजियाबाद शहर में ऐसी 15 बोगस फर्मों का पता चला है, जो 100 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) यानी जीएसटी रिफंड वसूल चुकी हैं। इन फर्मों के जरिये दिखाई गई बिलिंग पर शक होने पर फाइलें खंगाली गईं। जिन लोगों के नाम फर्म पंजीकृत थीं, उन्हें बुलाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि कोई माली है, कोई चौकीदार और कोई सुरक्षा कंपनी का गार्ड। हिरासत में लिए जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं है कि उनके नाम से फर्म चल रही हैं। इन बोगस फर्मों का पता डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की गाजियाबाद क्षेत्रीय इकाई ने लगाया। सभी बोगस फर्में दुग्ध उत्पाद से जुड़ी हैं। दूध, घी, मक्खन, छाछ, मिल्क पाउडर की बिक्री पर आईटीसी वसूला गया। नोएडा में बोगस कंपनियों का खुलासा होने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया। संदेह के घेरे में आई फर्मों के रिकार्ड खंगाले गए। दिल्ली—एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 30 फर्मों पर छापे मारे गए। इनमें 125 करोड़ की कर चोरी मिली। हरियाणा के मेवात और सहारनपुर में बोगस फर्म के जरिये




80 करोड़ की कर चोरी के आरोप में दिल्ली से कारोबारी संजय ढींगरा को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में गाजियाबाद में संदिग्ध लग रहीं फर्मों के मालिकों से पूछताछ की गई। इसमें पता चला कि माली, चौकीदार, गार्ड के दस्तावेज पर फर्म पंजीकरण कराया गया और आईटीसी की वसूली की गई। फर्में अब तक जीएसटी विभाग को 100 करोड़ का चूना लगा चुकी हैं। इन फर्मों के बिलों की जांच से हापुड़ की भी 10 से ज्यादा फर्म शक के घेरे में आ गई हैं। जीएसटी के बड़े अधिकारी ने बताया कि जांच अभी चल रही है। बोगस फर्मों का जाल व्यापक रूप में फैला हुआ है। इसके पीछे कई गिरोह काम कर रहे हैं। जल्द ही कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। 125 करोड़ की कर चोरी पकड़ी जा चुकी है दिल्ली—एनसीआर और पश्चिमी यूपी में 10 से ज्यादा फर्म शक के घेरे में आईं हापुड़ की, खंगाली जा रही है इनकी फाइल। 15 हजार करोड़ की कर चोरी पकड़ी गई थी नोएडा में, उसी केस में चल रही है जांच। ऐसे चल रही जालसाजी दूसरों के दस्तावेज पर जालसाज बोगस फर्म पंजीकरण करा लेते हैं। बोगस फर्मों से आपस में कारोबार कर फर्जी बिल बनाए जाते हैं। उत्पाद की फर्जी बिक्री पर जीएसटी की अदायगी दिखाई जाती है। मान लो, 1000 रुपये जीएसटी दिखाया गया। अब उस उत्पाद को बनाने पर 800 रुपये जीएसटी पहले ही दिया जा चुका है। ऐसे में जालसाज 200 रुपये रिफंड के लिए क्लेम करते हैं यानी टैक्स दिया कुछ नहीं और वसूली कर ली 200 रुपये की।

## प्रतिबंधित दवाओं की वापसी के लिए पर्याप्त समय दिया जाए – सुरेश गुप्ता

अध्यक्ष ने काम में तेजी लाने हेतु कसे पेंच स्थानीय समस्याओं को खत्म कराकर परियोजना अधि ाकारियों एंव संस्थाओं का बढ़ाया मनोबल लखनऊः ( ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय) कानपुर देहात की पनकी में 660 मेगावाट की निर्माणध ीन परियोजना में तेजी लाने के लिये आज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन और उत्पादन निगम के अध्यक्ष एम देवराज पनकी परियोजना पहुँचे।अगर हम सब मन से जुट जायेंगे तो हम अपना निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज 09 जून है। दिसम्बर को निर्माणाधीन परियोजना से उत्पादन शुरू हो यह सुनिश्चित करना है। बैठक में महाप्रबन्धक गोबिन्द कुमार मिश्रा, सहित परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी तथा परियोजना में कार्य कर रही अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। पनकी पावर हाउस कानपुर में स्थित है। इसका फर्स्ट स्टेज 1967 में चालू हुआ था। उस समय इसकी कैपसिटी 32 मेगावाट थी। 1977 में 110 मेगावाट की यूनिट ने उत्पादन शुरू किया।




तीसरा स्टेज 2018 में 660 मेगावाट की यूनिट स्थापित हो रही है। सितम्बर 2021 में परियोजना चालू होने का लक्ष्य था जिसमें लगातार विलम्ब हो रहा है। अध्यक्ष ने नया लक्ष्य बनाया है। अधि ाकारियों ने बैठक में अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि कोराना के कारण परियोजना के निर्माण में विलम्ब हुआ है लेकिन अब तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। हम सब पूरी कोशिश करेंगे कि दिसम्बर से उत्पादन शुरू हो जाये।

## दिल्ली के युवकों की कार से बरामद हुई बड़ी रकम : मशीन से करनी पड़ी गिनती : आयकर करेगा जांच

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एसओजी और थाना सुनगढ़ी पुलिस ने शुक्रवार की रात चेकिंग के दौरान दिल्ली के युवकों की कार से 1.15 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। तीनों युवक पूरी रकम के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। पुलिस ने बरामद रकम मालखाने में जमा करा दी है, जबकि तीनों युवकों को छोड़ दिया है। आगे की जांच अब आयकर विभाग करेगा। हनीट्रैप का बताया जा रहा मामला,ै ट पर मुकदमा कराने वाली महिला पर लग रहे आरोप शुक्रवार रात को मुखबिर की सूचना पर एसओजी और थाना सुनगढ़ी पुलिस ने टाइगर तिराहे से एक कार को रोक लिया। कार में तीन लोग सवार थे। तलाशी लेने पर कार में 1.15 करोड़ रुपये बरामद हुए। कार सवार युवक दिल्ली के नरेंद्र चड्ढा, संजय सिंघल और मनोज नागर हैं। बरामद रकम में सभी नोट 500—500 रुपये के हैं। नोटों की गड्डियां देख पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। तीनों युवक नहीं दिखा सके दस्तावेज पुलिस ने रकम को लेकर तीनों युवकों से काफी देर तक पूछताछ की, लेकिन वे कोई ठीक जवाब नहीं दे सके। न ही कोई दस्तावेज दिखा सके। इसके बाद पुलिस तीनों को सुनगढ़ी थाने ले आई। यहां मशीन मंगाकर नोटों की गिनती की गई। पूछताछ में युवकों ने एक जमीन को बेचने



की बात कही, लेकिन रकम से संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने बरामद रकम को मालखाने में जमा करा दी और आयकर विभाग को सूचना दी। सुनगढ़ी थाने के इंस्पेक्टर जगत सिंह ने बताया कि इस मामले में अब आगे की कार्रवाई आयकर विभाग करेगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों युवक को पकड़ा था, लेकिन वे बरामद रकम को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे।

## फिरोजाबाद में 15 वर्षीय किशोरी की हत्या :हाथों में कील ठोंकी : निकाल लीं आंखे:बर्बरता देख कांप गए लोग

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। टूंडला में एक किशोरी का शव मिला है। बताया गया है वो शुक्रवार दोपहर घर से लापता हुई थी। परिजन उसकी रात भर तलाश करते रहे। चरी के खेत में जब लाश पड़ी देखी तो घरवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। किशोरी की बेहद ही बर्बरता के साथ हत्या की गई। उसके हाथों में कील ठोंकी गई और आंखें भी निकाल ली गईं। शव अर्धनग्न हालात में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसे रची गई अंजलि की हत्या की साजिशः 12वीं पास के जाल में फंसी बेटी भी बनी एक कड़ीय जानें पूरा घटनाक्रम शुक्रवार से थी लापता थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10वीं छात्रा शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले समझा गांव में ही किसी के घर होगी। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने गांव में पड़ोसियों, उसकी सहेलियों आदि से जानकारी ली, लेकिन उसका कहीं पता नही चला। परिजन रातभर उसकी हर संभव स्थान पर तलाश करते रहे। सुबह के समय एक ग्रामीण शौच के लिए खेत पर गया, तो चरी के खेत में उसका शव पड़ा देख चीखता हुआ गांव पहुंचा। मुंह में ठूंसा कपड़ा उसने



परिजनों को खेत में किशोरी का शव पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। हाथों में कील ठोंकी गईं और उसकी आंखें भी निकाल ली गईं। मामले की जांच कर रही पुलिस पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि किशोरी की गला दबाकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चल सकेगा कि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

## कानपुर देहात : खाकी को गिरफ्तार करती खाकी : कानपुर देहात पुलिस बनी लुटेरी

कानपुर देहात : भोगनीपुर कोतवाली प्रभारी अजय पाल, 4 दिन पहले हुई थी औरैया जिले में 50 किलो चांदी की लूट। दरोगा चिंतन कौशिक और हेड कांस्टेबल रामशंकर ने लूट की वारदात को दिया था अंजाम। 50 किलो चांदी को लूटने वाला लुटेरा निकला भोगनीपुर थाने का कोतवाल, एक दरोगा व हेड कांस्टेबल आगरा के सर्राफा व्यापारी से सर्राफा व्यापारी की गाड़ी को चेकिंग के नाम पर रोक लूटी थी 50 किलो चांदी। एसपी औरैया चारू निगम ने पीड़ित की शिकायत पर टीम गठित कर की कानपुर देहात के भोगनीपुर कोतवाली में छापेमारी। कोतवाली प्रभारी के आवास से बरामद 50 किलो चांदी और भोगनीपुर के कोतवाल अजय पाल सहित दारोगा चिंतन कौशिक को किया गिरफ्तार। भोगनीपुर थाने का हेड कांस्टेबल रामशंकर मौके से हुआ फरार। खाकी को शर्मसार करती खाकी, कानपुर देहात की लुटेरी पुलिस को पकड़ती औरैया पुलिस।कानपुर देहात एसपी को देर रात छापेमारी कर औरैया एसपी ने जगाया। कानपुर देहात एसपी चला रहे थे




पुलिस का ऑपरेशन जागते रहो। और रात के अंधेरे में पुलिस कर रही थी लूट। कानपुर देहात के भोगनीपुर कोतवाली प्रभारी के आवास से बरामद हुई लूटी गई 50 किलो चांदी। औरैया एसपी चारू निगम ने आरोपी कोतवाल और दारोगा को गिरफ्तार कर पहुंची थाने, औरैया में लूट का करेंगी खुलासा।

## सांसद जय प्रकाश एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कर किया अवलोकन



हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत ''विकास तीर्थ अवलोकन'' कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी सांसद जय प्रकाश रावत विधायक श्याम प्रकाश प्रभास कुमार के साथ तमाम पार्टी पदाधि ाकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिले को मिली महत्वपूर्ण सौगात मेडिकल कॉलेज का अवलोकन किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आर्य दीपक तिवारी ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कराया साथ ही यह भी बताया वर्तमान में मेडिकल कॉलेज हरदोई में 200 एमबीबीएस के छात्र तथा 60 पैरामेडिकल छात्र अध्यनरत है तथा मेडिकल कॉलेज में 42 बेड पीडियाट्रिक यूनिट निर्माणाधीन प्रक्रिया में है 100 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का बजट आवंटन हो चुका है मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने सांसद एवं विधायक गणों से इसके लिए मेडिकल कॉलेज के निकट ही प्राचार्य श्री तिवारी ने बताया मेडिकल कॉलेज के लिए एम आर आई सीटी स्कैन एवं डिजिटल एक्स—रे आदि की अनुमति प्राप्त हो चुकी है शीघ्र ही यह सुविधाएं भी जनपद वासियों को मिलना प्रारंभ हो जाएंगी / मेडिकल कॉलेज अवलोकन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजेश अग्निहोत्री जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी अहिरोरी ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सियासतः विपक्षी एकता के बहाने खुद को मजबूत बनाने में जुटे नीतीश कांग्रेस विरोधी दलों को भी साधने की है रणनीति

पटना ब्यूरो : गैरभाजपा दलों के नेताओं से हर मुलाकात के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यह बयान देने से नहीं चूकते। हालांकि हकीकत इसके उलट है। नीतीश उन दलों को भी साध कर चल रहे हैं जिनका कांग्रेस के कारण विपक्ष के जमावड़े में शामिल होना मुश्किल दरअसल, पटना में 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में नीतीश ने आम आदमी पार्टी और वाम दलों को भी आमंत्रित किया है। वह भी तब जब कांग्रेस साफ कर चुकी है कि वह तेलंगाना में बीआरएस, पंजाब–दिल्ली में आप और केरल में वाम दलों से किनारा करेगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित न कर कांग्रेस ने इस आशय का साफ संदेश दे दिया था। कांग्रेस ने दिए दिल बड़ा करने के संकेत कांग्रेस में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी विपक्षी एकता के प्रति सबसे अधिक गंभीर हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पटना की बैठक में केरल, तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली को छोड़ कर अन्य राज्यों में राजग के मुकाबले हर सीट पर एक ही उम्मीदवार उतारने के फॉर्मूले पर सहमति बन सकती है। हालांकि बैठक में कांग्रेस क्षत्रपों से पश्चिम



बंगाल, उत्तर प्रदेश में अपने लिए भी दिल बड़ा करने का अनुरोधा करेगी। चुनाव बाद की स्थिति पर नजर यह तय है कि विपक्षी एकता के बावजूद लोकसभा चुनाव में विपक्ष का कोई नेता नहीं होगा। ऐसे में सरकार बनाने का मौका मिलने पर नेता का चयन चुनाव के बाद ही होगा। नीतीश की निगाहें चुनाव बाद की स्थिति पर टिकी हैं। वह नहीं चाहते कि तब नेता बनने की राह में कोई दल उनकी राह का रोड़ा बने। विपक्ष के फार्मूले के मुताबिक राजग के खिलाफ 474 सीटों पर इकलौता उम्मीदवार उतारने की है और कांग्रेस के हिस्से 244 सीटें आनी हैं। गैरराजग दलों को भाजपा से दूर रखने की रणनीति कांग्रेस के उलट नीतीश की रणनीति सभी गैरराजग दलों को साधने की है। जदयू सूत्रों का कहना है कि नीतीश चाहते हैं कि भले ही कांग्रेस की शर्तों के कारण बीआरएस, आप, माकपा, भाकपा विपक्षी एकता के खांचे में फिट नहीं बैठ रहे, मगर इन्हें भाजपा से दूर करने के लिए साधे रखने की जरूरत है। नीतीश को पता है कि बीजद भी विपक्षी एकता की मुहिम में शामिल नहीं होगी, बावजूद इसके नीतीश बीजद को भविष्य में भाजपा से दूर रखने के लिए लगातार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक के संपर्क में हैं।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर भेजा जाएगा जेल 15 जून को 55 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

जौनपुर सू.वि. : बीएड प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से व सफलतापूर्वक आयोजित कराएं 21426 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सफलतापूर्वक संपादित कराएं। इस हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि 15 जून को 55 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार आयोजक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को बनाया गया है। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि वह सावधानी व सतर्कता बनाए रखें। सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से परीक्षा को सफलतापूर्वक आयोजित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के आस–पास की फोटोकॉपी व स्कैनिंग की दुकानें बंद रखें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जिनको परीक्षा केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति है



मात्र वही मोबाइल ले जा पाएंगे अन्य किसी को मोबाइल ले जाना अनुमन्य नहीं होगाजिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि 15 जून को बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी जिसमें प्रथम पाली प्रातः 9:00 से मध्यान्ह 12:00 तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 2:00 से 5:00 बजे तक की होगी। उन्होंने बताया कि ओएमआर शीट की 3 प्रतियां होंगी, जिसमें से तृतीय प्रति परीक्षार्थी को ले जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र बुकलेट परीक्षार्थी को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा समय प्रारंभ होने से 01 घंटा पूर्व प्रवेश की अनुमति होगी तथा परीक्षा कक्ष में प्रवेश की 15 मिनट पूर्व अनुमति होगी। जनपद में धारा 144 लागू रहेगा। इस अवसर अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

ब्यूरो प्रमुख विश्व प्रकाश श्रीवास्तव / जौनपुर टीचर्स सेल्फ केयर टीम के संस्थापकध्प्रदेश अध्यक्ष का पालीटेक्निक चौराहे स्थित कृषि भवन प्रांगण में आगमन हुआ।इस मौके पर जनपद जौनपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव एवम उनकी पूरी टीम ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।स्वागत के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य ने



जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव व जनपद के सभी सदस्यों के साथ एक बैठक संपन्न हुई।जिसमे साथियों द्वारा बहुत सारे विचार को साझा किया गया।जिनमे प्रमुख रूप से 1–माध्यमिक और बेसिक के समस्त कर्मचारियों संविदा कर्मियों सहित सब को जोड़ा जाए। 2–एक बेटी को कन्या योजना में शामिल करने के साथ–साथ एक बहन को भी शामिल किया जाए। 3–सहयोग राशि 50 से अब कम ना की जाए जब तक सहयोग राशि कुल 50लाख न पहुंच जाए। 4–कन्या योजना 21घ से चालू की जाए। 5–टीम को न्याय पंचायत स्तर पर एक टेक्निकल सपोर्ट की जरूरत है।इसी क्रम में अन्य सदस्यों द्वारा ढेर सारे सुझाव रखे गए।जिसको प्रदेश संस्थापक ध्अध्यक्ष जी द्वारा बड़े धैर्य से सभी सुझावों को अपनी कलम से नोट किए ,तथा आगे विचार करने के लिए आश्वासन भी दिया गया।इस बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष रामदुलार यादव, टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सहसंयोजक अनिल गौतम, संजय गोयल,बृजेश कुमार गुप्ता,अजीत यादव, आदि साथी उपस्थित रहे।अंत में जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य जी को जनपद जौनपुर में अपना बहुमूल्य समय देने के लिए पूरी टीम के साथ आभार धन्यवाद प्रकट किए।

## भागवत कथा श्रवण मात्र से ही भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं – पं0 सुधाकर मिश्रा

सुजानगंज (जौनपुर) ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी : भागवत कथा सुनने मातृ से ही भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं उक्त बातें बाल्हामऊ ग्रामसभा निवासी मुख्य यजमान राजकुमार पाण्डेय पत्नी कलावती देवी के निवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य पं0 सुधाकर मिश्र ने भक्ति ज्ञान एवं वैराग्यरूपी श्रीमद् भागवत कथा से त्रिवेणी प्रवाहित की।कथा के चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम अवतार व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंगों का सिलसिलेवार वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस से भर दिया। उन्होंने बताया कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म का बोलबाला बढ़ जाता है तो सर्वत्र हिसा और उपद्रव दिखाई देता है। गोमाता, संतों व ब्राह्मणों के ऊपर जब दुष्ट लोग अत्याचार करते हैं तब प्रभु वैकुंठ त्याग कर धराधाम में अवतरित होते हैं। कथा प्रसंग में श्री राम अवतार के साथ संक्षिप्त में राम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते, अवतार धारण करते हैं, प्रकट होते हैं और प्रकट वहीं होते हैं जो पहले से विद्यमान हो। भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं। श्री राम अवतार कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्री राम कथा कलयुग में कामधेनु के समान है। कलिकाल में राम नाम स्मरण एवं भागवत कथा श्रवण मात्र से ही जीव कष्टों से छुटकारा पा सकता है। वहीं, उन्होंने बताया कि विश्वास से कथा श्रवण करने से कथा जीवन का सुधार कर देती है। वैसे भी राम कथा श्रवण करने से जीव का संशय समाप्त हो जाता है और सारे दुख



दूर हो जाते हैं। उन्होंने कथा श्रवण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यकता है कि हर घर में मर्यादा पुरुषोत्तम राम व श्री कृष्ण अवतरित हों। उनके नैतिक मूल्यों की स्थापना हो। भगवान श्री कृष्ण व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ था। इस अवसर पर आचार्य ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बड़ी ही मनोरम कथा का बखान किया। इस कड़ी का सबसे अहम पहलू यह रहा कि जब भगवान को सिर पर टोकरी में लेकर पहुंचे तब पूरा कथा स्थल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.., जयकारों से एक तरह से वृंदावन में तब्दील हो गया। पुष्पों की वर्षा करते हुए श्रद्धालुओं ने होली खेलते हुए कन्हैया का जन्म उत्सव मनाया। श्रद्धालु जमकर झूमे और फूलों की वर्षा की। शुरुआत में आचार्य ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार आदि प्रसंगों का वर्णन किया। अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद सेवन कराया गया।

## केन्द्र में मोदी और प्रदेश योगी सरकार की विकास योजनाओं को देखकर विपक्षी घबरा गए हैं –नितिन अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई विधान सभा की मोर्चा संयुक्त बैठक में मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा केंद्र में मोदी तथा प्रदेश में योगी सरकार के सबका साथ सबका विश्वास की नीति जनहित की तमाम योजनाएं देश में विकास के नए आयाम बनते देख विपक्ष के सभी नेता खबर घबराकर यहां से वहां गठबंधन के लिए दौड़ लगा रहे हैं यह सभी विपक्षी नेता कितने भी नापाक गठबंधन बना ले देश की जनता फिर से गठबंधन की कमजोर सरकारों के जाल में फस कर देश के विकास की गति को रोकने वाली नहीं है। नितिन अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन जनता के साथ है जनता ही जनार्दन होती है। उन्होंने कहा आज पूरी दुनिया में हमारे देश की एक मजबूत साख बनी है विश्व के बड़े बड़े देश के नेता भारत की ओर आशा भरी निगाह से देखते हैं ग्लोबल लीडर मोदी से अच्छे संबंधों को लेकर लालायित है।कार्यकर्ता अभी से रणनीति बनाकर कार्य करना शुरू कर दें प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन कर हैट्रिक लगाना तो तय है। सवायजपुर की मोर्चा संयुक्त बैठक मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में शाहाबाद विधानसभा की बैठक राज्यमंत्री रजनी तिवारी एवं सांसद जयप्रकाश रावत तथा सांडी विधानसभा की मोर्चा बैठक सांसद जयप्रकाश एवं विधायक प्रभास कुमार की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह महामंत्री अनुराग मिश्र अजीत सिंह बब्बन पूर्व जिलाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता गुड्डू जिला मंत्री अविनाश पांडे मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर जिला





पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल क्रय विक्रय संघ के अध्यक्ष सुशील अवस्थी विपिन सिंह गौर कीर्ति सिंह मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह अलका गुप्ता सरताज गुड्डू किमो महामंत्री नीरज तिवारी,कार्यक्रम में आईटी संयोजक सौरभ सिंह सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा तथा कार्यालय प्रभारी सत्यम शुक्ला आदि मौजूद रहे। आज ही श्रीशचंद्र बारात घर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता गणों एवं पदाधिकारियों ने अपने घरों से टिफिन लाकर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठकर भोजन किया तथा आगामी आम चुनाव की गहन चर्चा कर पार्टी की रणनीति पर कार्य करने का संकल्प लिया।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया

जौनपुर सू0 वि0 –शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के द्वारा थाना जलालपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी कानूनगो और लेखपालों को अवैध जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं तथा साथ ही निर्देशित किया कि



थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण संवेदना पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से एवं शीघ्र करे। जिलाधिकारी महोदय के समक्ष कुल 15 शिकायतें आयी जिनमें 04 को मौके पर ही निस्तारित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल गांव की शिकायत का रजिस्टर बनाएं एवं धारा 24 की पैमाइस पूर्ण कर ले। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाएं और अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफियों के खिलाफ एंटी भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई करें।

## तालाब की मिट्टी बेंचकर मालामाल ग्राम हुए प्रधान

जौनपुर :कांइम ब्यूरो धन्नजय विश्वकर्मा : विकासखंड करंजाकला क्षेत्र के भटानी का मामला क्राइम ब्यूरो धनन्जय विश्वकर्मा : जौनपुर विकास खंड करंजाकला क्षेत्र के देवकली भटानी गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत एक तरफ केंद्र सरकार व राज्य सरकार मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार देने की बात कर रही है वही दूसरी तरफ करंजाकला क्षेत्र के देवकली भटानी के ग्राम प्रधान अपनी मनमानी करते हुए सुंदरीकरण तालाब की खुदाई जेसीबी से करवाकर मिट्टी बाहर बेच कर मोटी रकम कमा रहे हैं और वही विभाग



के अधिकारी चुप्पी साधे मौन धारण कर बैठा हैं और प्रधान अपनी मनमानी कर रहा है।एक तरफ केंद्र सरकार व राज्य सरकार मनरेगा के तहत गरीब मजदूरों को रोजगार देने की बात कर रही है वही दूसरी तरफ ग्राम प्रधान अपनी मनमानी करते हुए जेसीबी मशीन से तालाब का मिट्टी निकलवाकर बेचकर मालामाल हो रहे हैं और मनरेगा मजदूरों का नाम रजिस्टर में हाजरी लगा दे रहे हैं वही गरीबों का हक झीन रहे हैं विभागी अधिकारी इसको नजर अंदाज कर रहे हैं ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सोनकर कहा कि जो तालाब में कंकड़ी मिट्टी थोड़ा बहुत है उसे उठाया जाता है बाकी मनरेगा मजदूरों के तहत मिट्टी उठवाई जाती हैं लेकिन ग्राम प्रधान तीन से चार से तालाब में जेसीबी मशीन से मिट्टी निकल वा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी राम रथ यादव ने कहा कि जेसीबी सिर्फ भीटा के लिए है तालाब के लिए नही है कल मैं गया भी था मना करके आया हूं उसके बाद भी अगर ग्राम प्रधान करवा रहे हैं उसको दिखवा ले रहे हैं अगर सही पाया गया तो उनके ऊपर शक्त कार्यवाही करवाएंगे

## युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मंगल दल खेल प्रोत्साहन सामग्री का हुआ वितरण कार्यक्रम

जौनपुर सू0वि0 –जनपद में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मंगल दल खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री गिरीश चंद यादव जी की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्धीकपुर के मैदान में आयोजित हुआ माननीय मंत्री जी द्वारा जनपद के 189 युवक मंगल दल एवं 189 महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया।माननीय मंत्री जी के द्वारा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि जो भी खेल प्रोत्साहन सामग्री आपको उपलब्ध कराया जा रहा है उसे



खेल मैदानों पर प्रतिदिन खेलने में प्रयोग किया जाए तथा आश्वासन दिया कि मंगल दलों को भी आर्थिक गतिविधियों से जोड़ते हुए रोजगार मुहैया कराने हेतु शासन विचार कर रही है इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध असलहे के साथ सोशल मीडिया परफोटो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख विश्व प्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर खुटहन थाना अंतर्गत पुलिस ने अवैध असलहे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले अभियुक्त अजीत कुमार गौतम को असलहा व मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निर्देशन में खुटहन प्रभारी योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे उ0नि0 सर्वजीत यादव मय हमराही कर्म0गण की सहायता से सोशल मीडिया पर अवैध असलहे के साथ फोटो अपलोड करने वाले व्यक्ति अजीत कुमार गौतम पुत्र दिनेश निवासी छंगापुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को शनिवार



को जय गुरूदेव मोड़ कोकना पिलकिछा से एक तमंचा नजायज व दो जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया गया तथा बरामद एक मोटरसाइकिल को धारा 207 में सीज किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त.अजीत कुमार गौतम पुत्र दिनेश निवासी छंगापुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर है।

## रफ्तार का कहर एक की मौत एक घायल



सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : लखनऊ–वाराणसी फोरलेन पर दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर।अमेठी जिले के शाहगढ़ निवासी युवक की हादसे में अस्पताल ले जाते समय मौत। दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी,जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। कुड़वार थाना क्षेत्र के असरोगा टोल प्लाजा के निकट नोगवां गांव के निकट हुआ हादसा।कुड़वार थानाध्यक्ष गौरीशंकर पाल बोले,पोस्टमार्टम रिपोर्ट की चल रही कार्रवाई और घायल का कराया जा रहा इलाज। तेज रफ्तार बाइक के आपस में गिरने से हुआ हादसा।

## राम जन्मभूमि परिसर में होंगे कई दर्शनीय स्थल

अयोध्या ब्रेकिंग – पौराणिक कुबेर किले का शुरू हुआ सुंदरीकरण। अयोध्या परिक्रमा पथ चौड़ा करने में ली जाएगी 2600 किसानों की जमीन, जमीन लिए जाने में रामपथ से भी ज्यादा लोग होंगे प्रभावित, 14 कोसी में 1915 और पंचकोशी के दायरे में 685 किसान।

## आम तोड़ने को लेकर हुई हत्या : चार आरोपित गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख विश्व प्रकाश श्रीवास्तव जौनपुर : आम तोड़ने विवाद में भाला घोपकर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतारने तथा मार पीटकर दो लोगों को बुरी तरह से जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास हत्या में प्रयोग किया गया आलाकत्ल भी बरामद हुआ है। पकड़े गये चारो आरोपी एक ही परिवार के है। बीते गुरूवार को मीरगंज थाना क्षेत्र के कमासिन नरवा गांव में आम तोड़ने के विवाद में दो पक्षो में जमकर मारपीट और भाला चला था। इस मामले में पुलिस के अनुसार प्रथम पक्ष .रुद्र प्रताप पुत्र स्व0 राजितराम . गिरजाशंकर पुत्र स्व0 राजितराम . रामजीत पुत्र स्वामीनाथ व द्वितीय पक्ष .राजनाथ पुत्र शोभनाथ . कृष्ण गोपाल पुत्र राजनाथ .अमरनाथ पुत्र शोभनाथ . दिनेश पुत्र अमरनाथ निवासी गण कमासिन नरवा थाना मीरगंज जनपद जौनपुर के मध्य आम तोडने को लेकर मारपीट हो गया था, जिसमें द्वितीय पक्ष के लोगो द्वारा भाले से प्रयोग करते हुए प्रथम पक्ष के गिरजाशंकर को जान से मारने के नियत से भाला उनके सीने मे घोप दिया, व रुद्र प्रताप व रामजीत को मारपीट कर घालय कर दिया, दौराने ईलाज गिरजाशंकर की मृत्यु हो गयी। उक्त घटना के संबंध मे थाने पर रुद्र प्रताप पुत्र राजितराम के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।करते हुए हत्या में प्रयुक्त भाला बरामद कर लिया व सभी को जेल भेज दिया है।

# यदि भारत के टुकडे नहीं चाहते : तो 'हिन्दू राष्ट्र'के अतिरिक्त विकल्प नहीं

अयोध्या ब्यूरो : सदगुरु निलेश सिंगबाळ, हिन्दू जनजागृति समिति वाराणसी – गोवा में गत 11 वर्षों से हो रहे 'अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन'के कारण हिन्ध्दू राष्ध्ट्र की चर्चा अब केवल भारत में ही नहीं, अपितु वैश्ध्विक स्तर पर प्रारंभ हो गई है । इसमें अब हिन्ध्दू राष्ट्र की मांग करनेवाले अनेक व्यासपीठ निर्माण हुए हैं, तो दूसरी ओर देश में जिहादी आतंकवादियों के समर्थकों की भारी संख्ध्या में गिरफ्ध्तारी हो रही है । पंजाब में खलिस्ध्तानवादी पुलिस–प्रशासन को आवाहन दे रहे हैं, हिन्दू कार्यकर्ताओं की हत्ध्या कर रहे हैंय तो मणिपुर, नागालैंड जैसे राज्ध्यों में हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं । कश्मीर से धारा 370 हटा दी गई है, तब भी वहां के हिन्ध्दू सुरक्षित नहीं हो पाए । देशभर में साक्षी, अनुराधा, श्रद्धा वालकर जैसी असंख्ध्य हिन्ध्दू लडकियों की 'लव जिहादियों' द्वारा होनेवाली निर्घृण हत्या को देखते हुए, ऐसा दिखाई देता है कि देश की परिस्ध्थिति अत्ध्यंत गंभीर हो गई है । 'दी केरला स्ध्टोरी' इस फिल्ध्म द्वारा प्रस्ध्तुत वास्ध्तविकता केवल 'केरल' राज्ध्यतक ही मर्यादित नहीं रही, अपितु इन जिहादियों के षड्ध्यंत्र की व्याप्ध्ति देशभर में उजागर हो रही है । एक ओर हिन्दुओं के भाषण करते ही तुरंत उन पर 'हेट स्ध्पीच'का अपराध प्रविष्ट किया जाता हैय परंतु 'सर तन से जुदा' करने की खुले आम घोषणा देनेवालों पर कार्रवाई होते हुए दिखाई नहीं देती । दूसरी ओर राष्ध्ट्रीय जांच यंत्रणा (छप्।) की छानबीन में 'पॉप्ध्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया' एवं 'आइ.एस.आइ.एस.' भारत को वर्ष 2047 तक इस्ध्लामी राष्ट्र बनाने का षड्ध्यंत्र रच रहे हैं, ऐसा उजागर हुआ है । ऐसी स्ध्थिति में कुटुंबकम'की संकल्ध्पना प्रस्ध्तुत कर सकता है । इसलिए भारत के पुनः टुकडे नहीं होने देना है, तो भारत को आदर्श रामराज्ध्य अर्थात हिन्ध्दू राष्ध्ट्र बनाने के अतिरिक्ध्त विकल्ध्प नहींय इसीलिए हिन्ध्दू राष्ट्र स्ध्थापना के कार्य को गति देने के लिए प्रतिवर्ष समान 16 से 22 जून 2023 तक 'श्री रामनाथ देवस्ध्थान', फोंडा, गोवा में एकादश 'अखिल भारतीय हिन्ध्दू राष्ध्ट्र अधिवेशन' अर्थात 'वैश्ध्विक हिन्दू राष्ध्ट्र महोत्ध्सव' आयोजित किया गया है, ऐसा हिन्ध्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्‌गुरु निलेश सिंगबाळजी ने पत्रकार परिषद में कहा । यहां के पराडकर भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में व्यापार मंडल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री. अजीत सिंह बग्घा तथा इंडिया विद विजडम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश चंद्र त्रिपाठी भी उपस्ध्थित थे । इस समय श्री. अजीत सिंह बग्घा जी ने कहा कि इस अधिवेशन में अनेक हिन्ध्दुत्ध्वनिष्ठ उद्योगपति भी सम्ध्मिलित होनेवाले हैय उद्योगपतियों का प्रभावी संगठन निर्माण करने के लिए वहां विचार–विनिमय करके एक योजना बनाई जाएगी, जिससे हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य को




गति मिलेगी तथा हिन्ध्दुत्ध्वनिष्ठ संगठनों को बल मिलेगा । अधिवक्ध्ता कमलेश चंद्र त्रिपाठी जी ने कहा, इस बार के अधिवेशन में 'हिन्ध्दू राष्ट्र संसद' इस विशेष सत्र का आयोजन किया गया है । विविध विषयों पर विशेषज्ञों के परिसंवाद, विशेष कार्य करनेवाले मान्ध्यवरों की भेंटवार्ता भी इस बार के अधिवेशन का विशेष आकर्षण होगा । ज्ञानवापी, 'लव जिहाद', 'हलाल सर्टिफिकेशन', 'लैंड जिहाद', 'काशी–मथुरा मुक्ध्ति', 'धर्मांतर', 'गोहत्ध्या', 'गढ–किलों पर इस्ध्लामी अतिक्रमण', 'मंदिर संस्ध्कृति की रक्षा', 'कश्ध्मीरी हिन्दुओं का पुनर्वसन', 'पाकिस्ध्तान एवं बांगलादेश के हिन्दुओं पर अत्ध्याचार' जैसे विविध विषयों के साथ ही हिन्ध्दू राष्ट्र की नींव रखने के लिए आवश्ध्यक विषयों पर इस महोत्ध्सव में विचारमंथन होगा । हिन्ध्दू जनजागृति समिति के श्री. राजन केशरी ने कहा, इस अधिवेशन में भारत के 28 राज्ध्यों के 350 से भी अधिक हिन्ध्दू संगठनों के 1500 से भी अधिक प्रतिनिधियों को निमंत्रण दिया गया है ।

## मेदांता लखनऊ में दिल की बीमारी हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी का आरपीआर तकनीक द्वारा हुआ सफल इलाज

लखनऊ(ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय): लखनऊ के मेदांता अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. गौरांग मजूमदार के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी (एचसीओएम) नामक गंभीर दिल की बीमारी से पीड़ित एक युवा महिला की सफलतापूर्वक सर्जरी की है। यह सर्जरी लखनऊ में पहली बार हुई और राजधानी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस सर्जरी ने समय पर इलाज कराने और क्षेत्र में उपलब्ध बेहतरीन विकल्प के विषय में जागरूक होने के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। एचओसीएम, जिसे पहले इडियोपैथिक हाइपरट्रॉफिक सबऑर्टिक स्टेनोसिस कहा जाता था, एक काफी सामान्य आनुवंशिक समस्या है। इसमें अचानक पड़ा दिल का दौरा मौत का कारण बन सकता है। यह मुख्य रूप से युवा लोगों और एथलीटों को प्रभावित करता है जो दिखने में तंदुरुस्त और फिट नजर आते हैं। ऐसी स्थिति हृदय की दीवार के एक हिस्से के मोटे होने के कारण उत्पन्न होती है, जो बाएं वेंट्रिकल को अवरुद्ध कर देती है। एचओसीएम सभी पुरुषों और महिलाओं को हो सकता है, लेकिन महिलाओं में इसके लक्षण अधिक नजर आते हैं और काम उम्र में इन लक्षणों का अनुभव होने लगता है। ऐसे में अपंगता जैसे लक्षणों के चलते शारीरिक बाधाएं उत्पन्न होती हैं और उनकी दिनचर्या सीमित होने लगती है। एक 28 वर्षीया महिला मेदांता में डॉक्टरों के पास सांस लेने में परेशानी और बार बार बेहोश होने की शिकायत लेकर पहुंची। उसके दिल की धड़कनें भी काफी तेज थीं। उसकी जाँच करने के बाद, डॉक्टरों ने पाया कि उसे एक गंभीर दिल की बीमारी है, जिसे ऑब्सट्रक्टिव एचओसीएम कहा जाता है। डॉक्टरों ने यह भी पाया कि उसके दिल में एक ब्लॉकेज था जिसका एग्रेडिएंट 80 था। उसके दिल के एक वाल्व में भी समस्या थी जो रिसाव का कारण बन रही थी और साथ ही दिल की धड़कनें अनियमित थीं। उसकी हालत बहुत गंभीर थी, डॉक्टरों ने उसके इलाज के लिए जल्द से जल्द उसकी सर्जरी की सिफारिश की। मेदांता के अनुभवी मेडिकल एक्सपर्ट्स की टीम ने मरीज के हृदय की बढ़ी हुई मांसपेशियों के इलाज के लिए एक जटिल विधि का इस्तेमाल किया, जिसे रिसेक्शन, प्लिकेशन और रिलीज (आरपीआर) कहा



जाता है, साथ ही डॉक्टर्स ने विस्तारित मायोमेक्टोमी भी की। पूरी प्रक्रिया के हार्ट–लंग मशीन की मदद ली गई। आंतरिक रिसाव को रोकने के लिए माइट्रल वाल्व को भी रिपेयर किया गया। डॉ. गौरांग मजूमदार, डायरेक्टर–कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी ने कहा, ''ऑपरेशन के बाद रोगी की रिकवरी आश्चर्यजनक थी, और उसे केवल एक सप्ताह में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक महीने बाद जब वह चेक–अप के लिए आई, तो उसमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखे, और उसका दिल ठीक से काम कर रहा था। दिल में किसी प्रकार की कोई रुकावट या रिसाव नहीं था। यह एचओसीएम सर्जरी शहर में संभवतः पहली सफल सर्जरी है, जो दर्शाती है कि हम शीघ्रता से कार्रवाई करके और उपलब्ध उपचारों के बारे में लोगों को जागरूक करके कई लोगों की जान बचा सकते हैं।'' दिल की बीमारी हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी, प्रत्येक 500 वयस्कों में लगभग 1 को प्रभावित करती है। अकेले यूनाइटेड स्टेट्स में, हर साल इस स्थिति से 100 से कम लोगों की मृत्यु होती हैं और एथलीटों के बीच, यह दर प्रत्येक 220,000 में लगभग 1 है।

# अयोध्या में इन दिनों गर्म मौसम से है बुराहाल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। धार्मिक नगरी होने के नाते अयोध्या सबसे बड़ा असर श्रद्धालुओं पर पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्म तापमान लोगों के रहन सहन में बदलाव कर दिया है। और अब मानसून का इंतजार है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। सबसे गर्म तापमान होने की जानकारी दी है। वहीं बीते 24 घण्टे में भी अयोध्या का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा है। अयोध्या में आले वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। जहां एक तरह चल रहे सड़कों के निर्माण लोगों का चला दूभर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। अयोध्या पहुंचे यात्री सुरेश कुमार ने कहा कि अयोध्या में निर्माण काम से कही पर बैठने की भी सुविधा नही है। पानी पीने के लिए कोई स्थान नही मिल रहा है। तेज से चलना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस बार गर्मी ने बेहाल कर दिया है भीषण गर्मी और तपती धूप के कारण व्यवसाय भी प्रभवित हो रहा है। और बताया कि मौसम मैं जब ठंडापन आएगा तो श्रद्धालु भी अयोध्या पहुंचेंगे और यहां का व्यवसाय बढ़ेगा।

### यूपी में छह आईएएस अधिकारियों के तबादले :गोंडा के डीएम उज्ज्वल कुमार फिरोजाबाद के बने नए जिलाधिकारी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में छह आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रवि रंजन हटाए गए हैं। गोंडा के डीएम उज्ज्वल कुमार को फिरोजाबाद के नए जिलाधिकारी




नियुक्त किए गए हैं।नेहा शर्मा निदेशक नगरीय निकाय को गोंडा का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजेश त्यागी विशेष सचिव उच्च शिक्षा को अमरोहा का डीएम नियुक्त किया गया है। कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी को कानपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कानपुर विकास प्राधिकरण के वीसी अरविंद कुमार सिंह को बलरामपुर का डीएम बनाया गया है। यूपी सरकार ने छह आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। राजेश त्यागी विशेष सचिव उच्च शिक्षा को अमरोहा का डीएम नियुक्त किया गया है। कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी को कानपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## 18 अड्डों पर दोबारा निविदा आमंत्रित करने के आदेश

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) पर एनएचएमएल से काम कराने की तैयारी चल रही है। उप्र परिवहन निगम के 23 बस अड्डों को निजी सावर्जनिक सहभागिता (पीपीपी) से विकसित किए जाने की तैयारियों में आठ अड्डों को नेशनल हाइवे मैनजमेंट लॉजिस्टिक लि. (एनएचएमएल) को देने की तैयारी की जा रही है। 18 अड्डों पर दोबारा निविदा आमंत्रित करने के लिए कैबिनेट ने मंजूरी दी दी है पर परिवहन विभाग इनमें दस पर ही निविदा आमंत्रित करना चाहता है। 8 पर एनएचएमएल से काम कराने की तैयारी चल रही है। पीपीपी पद्धति पर बस अड्डों को बिल्ड फाइनेंस ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल पर विकसित किए जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए परिवहन निगम ने 23 बस अड्डों को चुना था। पिछले साल इसके लिए टेंडर डले तो बस 9 बस अड्डों के लिए ही कंपनियों ने टेंडर डाले। इसमें से एक का टेंडर तकनीकी कारण से रद्द हो गया। ऐसे में केवल आठ बस अड्डों के लिए वित्तीय निविदा खोली गई। कानपुर, बरेली तथा लखनऊ चारबाग बस अड्डे का टेंडर खुला तो समिति को इसके लिए डाली गई रकम कम लगी। ऐसे में तीनों की निविदाएं भी रद्द कर दी गईं। बाकी पांच बस अड्डों गोमतीनगर लखनऊ, सिविल लाइन प्रयागराज, कौशांबी गाजियाबाद, पुराना गाजियाबाद तथा आगरा फोर्ट की बिड को फाइनल मंजूरी दे दी गई। अब इन 18 की दोबारा बिडलखनऊ चारबाग, अमौसी, वाराणसी कैंट, कानपुर सेंट्रल झकरकटी, जीरो रोड प्रयागराज, सोहराब गेट मेरठ, आगरा का ट्रांसपोर्ट नगर व ईदगाह, रसूलाबाद अलीगढ़, मथुरा ओल्ड, गोरखपुर, साहिबाबाद, अयोध्याधाम, बरेली, बुलंदशहर,



गढ़मुक्तेश्वर, मिर्जापुर, रायबरेली बस अड्डे की दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।नया प्रस्ताव होगा तैयारपरिवहन अधिकारियों का कहना है कि एनएचएमएल राष्ट्रीय राज्यमार्ग से जुड़ी एक प्रमाणिक संस्था है और बस टर्मिनल बना चुकी है। ऐसे में आठ बस अड्डों पर इसी से काम कराने और संचालन कराने पर विचार किया जा रहा है। यदि ऐसा करना पड़ेगा तो फिर से इन आठ का प्रस्ताव फिर से कैबिनेट के समक्ष रखना होगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराया जाए रहा है ताकि कैबिनेट यदि इसे हरी झंडी दे दे तो इसी पर काम शुरू कराया जा सके।

# समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर धन्यवाद बैठक हुई संपन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर एक धन्यवाद बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मिशम ने किया बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन मौजूद रहे बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने नगर निगम में सभी जीते हुए प्रत्याशियों को धन्यवाद देते हुए कहा नगर निगम के चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं नेताओं ने पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए भरपूर सहयोग किया उन्होंने कहा अब कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी संगठित होकर करें जिससे आने वाले चुनाव में सपा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी में सभी वर्गों को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाए आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है अपराधी बेखौफ होकर भरी अदालत में पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर रहे हैं जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा पार्टी के प्रत्याशियों को सभी वर्ग के लोगों का मत मिला उन्होंने नगर निगम में जीते हुए सभी प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याओं का निराकरण करें महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने बैठक में आए हुए सभी नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारी मैं सभी लोग एकजुट होकर अभी से ही घर घर जाकर तैयारी करें जिस से आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो और अयोध्या लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराया जा सके महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव, जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, वसी हैदर गुड्डू, विद्याभूषण, बब्बन प्रधान, कौशल यादव गौरव पांडे, नंद कुमार



गुप्ता नंदू, जगन्नाथ यादव, महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव , महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल, घनश्याम यादव, अवधेश यादव, तौसीफ खान सरकार,बिरेंद्र गौतम अजय यादव, अखिलेश चौबे सेंटी तिवारी, केशव राम, फरीद कुरेशी, पार्षद विशाल पाल,नौशाद मामा,पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, सरबजीत यादव अखिलेश पांडे,,शिव कुमार यादव, राम भवन यादव, अरावनी पासवान , मुकेश कुमार,मंसूर प्रधान , राशिद सलीम घोसी, अखिलेश पांडे, वकार अहमद, अर्जुन यादव सोमू, धर्मवीर, प्रधान मुकेश यादव, आकिब खान, उमेश यादव,सावेद जाफरी भल्लू यादव, रमापति यादव,मंजीत यादव, रामाअजोर यादव,इमरान खान,शाहबाज लकी,सुनील कुमार,,आदि लोग मौजूद रहे!

# दिल के टुकड़े तो कर डाले : बस शरीर ही बचा सलामत

गोरखपुर ब्यूरो : बीते कुछ माह में लिव–इन रिलेशनशिप में रहने वाली प्रेम कहानियों का जैसे दर्दनाक तरीके से अंत और 'भरोसे' की हत्या हुई, उसने लिव–इन रिलेशनशिप पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। इन संबंधों में बर्बरता, वहशीपन और इंसानियत को शर्मसार कर देने की सारी मर्यादाएं टूट गई हैं। ऐसे मामले यह सोचने को मजबूर कर देते हैं कि कोई इंसान अपनी ही प्रेमिका के साथ ऐसी दरिंदगी कर सकता है। बीते साल दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड ने शुरू हुआ सिलसिला अब भले ही मुंबई की सरस्वती तक पहुंच गया हो, लेकिन बीच में ऐसी भी कई युवतियां हैं जिनकी बस शरीर ही सही सलामत है, दिल के कई टुकड़े हो चुके हैं। मोहब्बत का झांसा और साथ निभाने का वादा करके दरिंदे लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली युवतियों की जिंदगी तबाह करके छोड़ दे रहे हैं। कभी पढ़ाई के दौरान तो कभी सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती में आई ऐसी कई युवतियों की जिंदगी में अब पछतावे के सिवा कुछ नहीं बचा है। इस पछतावे में कुछ ने तो अपनी जिंदगी खत्म कर ली, लेकिन कुछ की जिंदगी का मकसद दरिंदों को सजा दिलाने का रह गया है। पिता के बुढ़ापे की लाठी बनना चाहती थी....तबाह हो गई 05 मई 2023: कैंट पुलिस ने झंगहा के गहिरा निवासी रंजित पासवान को जेल भेजा। दरअसल, रंजित कैंट इलाके में रहकर पढ़ाई करने वाली युवती संग चार साल तक लिव इन रिलेशन में रहा था। इस बीच उसने दूसरी जगह शादी की तैयारी कर ली। हल्दी की रस्म भी हो गई थी, लेकिन इसी बीच युवती को पता चल गया और आरोपी को जेल भेज दिया गया। युवती कहती हैं, उसकी जिंदगी तबाह हो चुकी है। पढ़कर लिखकर कुछ हासिल करना चाहती थी। सोची थी कि मां–बाप के बुढ़ापे की लाठी बनूंगी। लेकिन, दरिंदे की वजह से सब कुछ बदल गया। अब तो घरवाले बात ही नहीं कर रहे हैं। युवती आज भी संघर्ष कर रही है और खुद ही न्यायालय में पैरवी कर रही है, ताकि उसकी जिंदगी को तबाह करने वाला दरिंदा बाहर न आने आए।

## विजिलेंस टीम ने राभा क्षेत्र में पकड़े बिजली चोरी के एक दर्जन मामले

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बिजली चोरी रोकने को विद्युत विभाग की ओर से विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने राभा उपकेंद्र से जुड़े गांवों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एसडीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि ज्यादा खपत वाले फीडर पर पहले चेकिंग की जाएगी। मीटर से बाईपास, चोरी से मोटर,एक किलो वाट कनेक्शन पर तीन किलोवाट से अधिक लोड होने की एक दर्जन से अधिक चोरियां विजिलेंस टीम ने पकड़ी। गांव में विजिलेंस टीम पहुंचने पर कटिया डालकर बिजली चोरी करने वालों में अफरा–तफरी का माहौल रहा। सुबह सुबह टीम पहुंचने पर हर कोई अपनी अपनी कटिया उतारने के लिए हांफता हुआ नजर आया । एसडीओ कुलदीप सिंह ने बताया किगर्मी से निजात पाने के उपभोक्ताओं के घरों एवं प्रतिष्ठानों में कूलर, पंखे तथा एसी चल रही है। इस कारण खपत अधिक होने से बिजलीघर ओवरलोड हो रहे हैं, जबकि विभाग को राजस्व कम मिल रहा है। ऐसे में विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने को शहर व देहात में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए फीडर व मोहल्ले वार अवर अभियंताओं की टीम बनाई जा रही है। बकायेदारों के खिलाफ भी चलेगा अभियान बिजली चोरी रोकने को गठित टीमें राजस्व वसूली पर जोर देंगी। टीम कई माह के बकायेदार उपभोक्ताओं से पहले बिजली बिल का बकाया जमा करने को कहेंगे। उपभोक्ता द्वारा बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने पर उनका मौके



पर ही कनेक्शन काट दिया जाएगा। उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलता रहता है। ज्यादा लाइन लॉस वाले तथा खपत ज्यादा वाले फीडर के क्षेत्र में चेकिंग की जाएगी। टीम बकाया जमा कराने को काम करेगी।

## कुड़वार के बहमरपुर गांव में बनेगा स्मार्ट अमृत सरोवरवाटर बोट का मजा लेंगे विद्यार्थी और ग्रामीण'

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कुड़वार विकास खंड के बहमरपुर ग्राम पंचायत में चार बीघे का आदर्श जलाशय (अमृत सरोवर) से तैयार किया जा रहा है। इसके लिए महिला व पुरुष को मिलाकर प्रतिदिन 42 श्रमिकों को मनरेगा योजना के तहत लगाया गया है। जलाशय निर्माण के लिए मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक के आदेश पर कुड़वार खंड विकास अधिकारी सत्यनारायण सिंह स्वयं निगरानी कर रहे हैं। प्रधान राम कुमार कश्यप और प्रतिनिधि चिरंजीवी मिश्रा उर्फ मोंटी की तरफ से वाटर बोट का प्रबंधन किया जा रहा है । जलाशय में यह वाटर बोट लंभुआ के अमृत सरोवर की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। लगभग 28 लाख की लागत से



तैयार हो रहे इस स्मार्ट जलाशय में डेस्क बेंच के साथ खूबसूरत लाइटें लगाई जाएंगी। प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीवी मिश्रा उर्फ मोंटी ने बताया कि सांसद मेनका गांधी की तरफ से शुभारंभ कराने की योजना है। बहमरपुर को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए स्मार्ट जलाशय और वाटर बोट सिस्टम लगाने

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।